फा. सं. ऐरा/20010/एमवाईटीपी/एएआई- इंदौर/सीपी-II/ 2023-28

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

*****

ऐरा कार्यालय,
तृतीय तल, उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003

दिनांक : 27 सितम्बर, 2024

सार्वजनिक सूचना संख्या 15/2024-25

सेवामें,

राज्य सरकार/सभी हवाईअड्डा प्रचालक/ सभी स्वतंत्र सेवा प्रदाता/ पंजीकृत कार्गो ट्रेड निकाय/ एयरलाइन/ तेल कंपनियां एवं अन्य हितधारक

विषय: इंदौर अंतरराष्ट्रीय हवाईअडडे के लिए जारी परामर्श पत्र संख्या 04/2024-25 के संबंध में हितधारकों की टिप्पणियां और हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा जवाबी टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा पुन: निर्धारित करना

ऐरा द्वारा इंदौर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के संबंध में हितधारकों की टिप्पणियां और हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा जवाबी टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा संबंधी दिनांक 5.9.2024 को जारी परामर्श पत्र संख्या 04/2024-25 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

1. 20.9.2024 को ऐरा कार्यालय में आयोजित हितधारकों की बैठक में कुछ हितधारकों ने हितधारकों की टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था, क्योंकि एयूसीसी हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा अभी संचालित की जानी है। हितधारकों ने बताया कि वे एयूसीसी की बैठक में विचार-विमर्श के बाद अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करना चाहते हैं।

2. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अवधि निम्मनानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया है:

विवरण	वर्तमान तारीख	संशोधित तारीख
हितधारकों की टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	04.10.2024	**11.10.2024**
हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा जवाबी टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	14.10.2024	**21.10.2024**

3. तदनुसार सभी हितधारकों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपनी टिप्पणियां संशोधित समय-सीमा के अनुसार प्रस्तुत करें।

(राम कृष्ण)
निदेशक (नीति एवं सांख्यिकी)